# SSC GD PREVIOUS YEAR PAPER- 17

# SSC GD

**Date : 24/11/2021** **Time : 4 : 00 PM – 5 : 30 PM**

## Section : Part A General Intelligence and Reasoning

1. दिए गए विकल्पों में से उस अक्षर-समूह का चयन करें जो निम्नलिखित शृंखला में प्रश्न चिन्ह (?) के स्थान पर आ सकता है।
**AS, CQ, EO, ?**
(a) GN (b) HN (c) HM (d) GM **(d)**

2. उस विकल्प का चयन करें जिसमें दिए गए संख्या-त्रिक की संख्याओं के बीच वही संबंध नहीं है जो संबंध निम्न संख्या-त्रिक की संख्याओं के बीच है।
**(3, 6, 18)**
(a) (7, 14, 42) (b) (6, 12, 36)
(c) (9, 18, 54) (d) (8, 16, 56) **(d)**

3. यदि **'A + B'** का अर्थ है कि **'A, B** की पुत्री है', **'A × B'** का अर्थ है कि **'A, B** की बहन है' और **'A = B'** का अर्थ है कि **'A, B** की पत्नी है' तो व्यंजक **'C × G × U + M = R'** में **G** का **R** से क्या संबंध हैं?
(a) माता (b) बहन (c) पुत्री (d) पुत्र **(c)**

4. छः दोस्त **R, S, T, U, V** और **W** एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं। **T** बाएं से तीसरे और दाएं से चौथे स्थान पर है। **V, T** और **S** के बीच में है। **S, U** के बाईं ओर बगल में है। **R, T** और **W** के बीच में है। **V** दाईं ओर से किस स्थान पर बैठा है?
(a) तीसरे (b) दूसरे (c) चौथे (d) पाँचवें **(a)**

5. दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए जो निम्न श्रेणी में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर आएगी।
**5, 16, 28, 36, 71, 90, 234, 342, ?**
(a) 793 (b) 893 (c) 739 (d) 839 **(a)**

6. एक निश्चित कूटभाषा में, **'TIKRI'** को **'201811369'** के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में, **'BOARD'** को किस रूप में कूटबद्ध किया जाएगा?
(a) 2301364 (b) 2151364 (c) 2301184 (d) 2151184 **(a)**

7. यदि **'P'** का अर्थ 'जोड़' है, **'Q'** का अर्थ 'गुणा' है, **'R'** का अर्थ 'घटाना' है, और **'S'** का अर्थ 'भाग' है, तो निम्न व्यंजक का मान कितना होगा?
**45S (3P7) P5S (8S4) P9Q (15S5)**
(a) 32 (b) 28 (c) 34 (d) 38 **(c)**

8. दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्य ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, निर्णय लें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन सा/से, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता/करते हैं।
कथन:
कुछ थैले, कलम हैं।
सभी कलम, बक्से हैं।
सभी थैले, पुस्तकें हैं।
निष्कर्ष:
**I.** कुछ पुस्तकें, बक्से हैं।
**II.** कुछ बक्से, थैले हैं।
**III.** कुछ पुस्तकें, कलम हैं।
(a) केवल निष्कर्ष I और III अनुसरण करते हैं।
(b) I, II और III सभी निष्कर्ष अनुसरण करते हैं।
(c) केवल निष्कर्ष I और II अनुसरण करते हैं।
(d) केवल निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं। **(b)**


9. उस विकल्प का चयन करें, जो तीसरे पद से उसी प्रकार संबंधित है, जिस प्रकार दूसरा पद पहले पद से संबंधित है।
**SYMBOL : YSBMLO : : BANQUETS : ?**
(a) ABQNSTEU (b) ABQNEUST
(c) NABEUQST (d) QNABSTEU **(b)**

10. उस विकल्प का चयन कीजिए जिसका तीसरी संख्या से वही संबंध है जो दूसरी संख्या का पहली संख्या से है और छठी संख्या का पाँचवीं संख्या से है।
**23 : 368 : : 25 : ? : : 21 : 294**
(a) 450 (b) 442 (c) 382 (d) 371 **(a)**

11. किसी निश्चित कूट भाषा में, **'BOWLER'** को **'C p X M f S'** के रूप में लिखा जाता है और **'NEAT'** को **'O f b U'** के रूप में लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में **'SERIOUS'** को किस रूप में लिखा जाएगा?
(a) T f T j P V T (b) T f S J P w t
(c) T f S j p v T (d) T f s J p U t **(c)**

12. उस विकल्प का चयन करें जिसमें निम्नलिखित शब्दों का वह क्रम दिया गया है, जिस क्रम में वे अंग्रेजी शब्दकोश में आते हैं।
**1. Restates** **2. Resistance**
**3. Restoration** **4. Resonant**
**5. Resection**
(a) 5, 4, 2, 3, 1 (b) 5, 2, 4, 1, 3
(c) 5, 2, 1, 4, 3 (d) 5, 2, 4, 3, 1 **(b)**

13. नीचे दी गई आकृति में, वर्ग 'प्राकृतिक उपग्रह' को निरूपित करता है, वृत्त 'तारों को निरूपित करता है, आयत 'ग्रहों को निरूपित करता है, षट्भुज 'वायुमंडल' को निरूपित करता है और त्रिभुज कृत्रिम उपग्रह का निरूपित करता है।
कौन सा अक्षर ग्रहों को निरूपित करता है, लेकिन उन तारों को निरूपित नहीं करता है जिनमें वायुमंडल और प्राकृतिक उपग्रह हैं लेकिन कृत्रिम उपग्रह नहीं है।





(a) C (b) E (c) B (d) A **(a)**

14. एक निश्चित कूट भाषा में, **'DOCTOR'** को **'SQWGTJ'** के रूप में लिखा जाता है और **'SINGER'** को **'SGJRNY'** के रूप में लिखा जाता है। उसी कूट भाषा में **'TAILOR'** को किस रूप में लिखा जाएगा?
(a) SQOMFZ (b) SQOMFX
(c) TQQNEZ (d) TOOMFZ **(a)**

WhatsApp
JOIN NOW!


15. नीचे दी गई आकृतियों में कागज के एक टुकड़े को मोड़ने और मोड़े गए कागज को काटने के तरीके का क्रम दर्शाया गया है। कागज को खोले जाने पर वह कैसा दिखाई देगा?



(c)

16. दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए जो निम्न श्रेणी में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर आएगी।
8, 25, 57, 221, 449, ?
(a) 1879 (b) 1978 (c) 1798 (d) 1789 **(d)**


17. दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन करें, जो निम्न आकृति शृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।



(a)

18. उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति सन्निहित है। (आकृति को घुमाने की अनुमति नहीं है)





(a)

19. उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।
सिफिलिस : जीवाणु : : टीनिया पेडिस : ?
(a) कवक (b) शैवाल (c) प्रोटोजोआ (d) विषाणु **(a)**

20. चार अक्षर-समूह दिए गए हैं, जिनमें से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं, जबकि एक उनसे असंगत है। उस असंगत अक्षर-समूह का चयन कीजिए।
(a) KIEA (b) XVRL (c) RPLF (d) MKGA **(a)**

21. यदि शिखा और राजकुमार की वर्तमान आयु का अनुपात 2 : 1 है और 15 वर्ष पूर्व उनकी आयु का अनुपात 3 : 1 था, तो शिखा की वर्तमान आयु (वर्षों में) क्या है?
(a) 45 (b) 30 (c) 75 (d) 60 **(d)**

22. यदि दर्पण को निम्नांकित चित्र के अनुसार 'PQ' पर रखा जाए, तो दिए गए संयोजन का दर्पण में निर्मित सही प्रतबिंब चयनित कीजिए।






(a) AᗡЯUꓘЯAM (b) MAЯAᗡЯUꓘ
(c) AᗡЯUꓘMAЯ (d) ꓘUЯᗡAЯAM **(b)**

23. अक्षरों के उस संयोजन का चयन करें, जिसे दी गई शृंखला के रिक्त स्थानों में क्रम से रखे जाने पर शृंखला पूर्ण हो जाएगी।
**I _ _ Q Z _ _ K _ _ I J _ Q Z**
(a) JKIJQZK (b) JKQQZKI
(c) IJKQZQK (d) IQZIJKI **(a)**

24. चार सहेलियाँ रति, अरीमा, सोनाली और गीत उत्तर दिशा की ओर अभिमुख होकर एक बिस्तर पर एक दूसरे के बगले में बैठी हैं। सोनाली, रति के बाईं ओर दूसरी बैठी है। रति, अरीमा के बाईं ओर बगल में बैठी है। गीत, रति और सोनाली के बीच में बैठी है। दायें छोर से दूसरे स्थान पर कौन सी लड़की बैठी है?
(a) गीत (b) अरीमा (c) रति (d) सोनाली **(c)**

25. निम्न शीट को रेखाओं पर से मोड़कर बनाये जा सकने वाले पासों का चयन कीजिए।




(a) केवल A (b) A, B, C और D
(c) केवल A और C (d) केवल B **(d)**

## Section : Part-B: General Knowledge and General Awareness

1. निम्नलिखित में से कौन सा स्थान/क्षेत्र, भारतीय घुड़खर का प्राकृतिक आवास है?
(a) लघु कच्छ रण (b) ऊपरी हिमालय
(c) गंगा के मैदान (d) सुंदरबन **(a)**

2. 'स्वर्ण जयंती ग्राम स्वरोजगार योजना' (SGSY) वर्ष ....... में शुरू की गई थी।
(a) 2002 (b) 1995 (c) 2005 (d) 1999 **(d)**

3. सालार जंग संग्रहालय किस शहर में स्थित है?
(a) हैदराबाद (b) चेन्नई (c) तिरुवनंतपुरम (d) बेंगलुरु **(a)**

4. निम्नलिखित में से किसे साहित्य के लिए 2020 के नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था?
(a) काज़ुओ इशिगुरो (b) एलिस मुनरो
(c) डोरिस लेसिंग (d) लुईस ग्लुक **(d)**

5. चाणक्य, ........ के शासनकाल में प्रधान अमात्य थे।
(a) अशोक (b) हर्षवर्धन (c) बिन्दुसार (d) चंद्रगुप्त मौर्य **(d)**

6. निम्नलिखित खिलाड़ियों में से कौन सा खिलाड़ी एक भारतीय पेशेवर टेनिस खिलाड़ी है?
(a) प्रकाश पादुकोण (b) रोहन बोपन्ना
(c) कुलदीप यादव (d) पुलेला गोपीचंद **(b)**

7. निम्नलिखित में से किस संवैधानिक संशोधन अधिनियम के तहत, संवैधानिक संशोधन विधेयक के लिए राष्ट्रपति को अपनी सहमति प्रदान देना अनिवार्य कर दिया गया था?
(a) 100वें संशोधन अधिनियम, 2015
(b) 44वें संशोधन अधिनियम, 1978
(c) 24वें संशोधन अधिनियम, 1971
(d) 42वें संशोधन अधिनियम, 1976 **(c)**

WhatsApp JOIN NOW!

8. बाल न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) विधेयक, 2014 किस बात की अनुमति देता है?
(a) 16-18 वर्ष की आयु वाले किशोरों के माता–पिता को किशोर द्वारा किए गए अपराध के लिए अपराधी ठहराने की कोशिश की जानी चाहिए।
(b) 16-18 वर्ष की आयु वाले किशोरों को जघन्य अपराध के लिए वयस्कों की तरह सजा दी जानी चाहिए।
(c) 14-18 वर्ष की आयु वाले किशोरों को सुधार घरों में भेजा जाना चाहिए।
(d) 16-18 वर्ष की आयु वाले किशोरों को अपराधों के लिए 60 दिनों तक सामुदायिक सेवा में रखने का आदेश दिया जाना चाहिए। **(b)**

9. धन जुटाने और भारतीय कंपनियों को उधार देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों द्वारा ........... बॉण्ड भारत के बाहर वैश्विक पूँजी बाजारों में निर्गत किए जाते हैं।
(a) पापड़ (b) मसाला (c) मिठाई (d) चाँदी **(b)**

10. 'अजी लामू' लोक नृत्य का संबंध निम्नलिखित में से किस राज्य से है?
(a) त्रिपुरा (b) अरुणाचल प्रदेश
(c) असम (d) मणिपुर **(b)**

11. निम्नलिखित में से किन देशों ने नंवबर 2020 में, 'अटल इनोवेशन मिशन-सीरियस इनोवेशन प्रोग्राम 3.0' की शुरुआत की?
(a) भारत और रूस (b) भारत और फ्रांस
(c) भारत और जापान (d) भारत और ऑस्ट्रेलिया **(a)**

12. 2020 में अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित चिराग शेट्टी का संबंध निम्नलिखित में से किस खेल से है?
(a) हॉकी (b) तैराकी (c) बैडमिंटन (d) क्रिकेट **(c)**

13. निम्नलिखित में से किस जनजाति का संबंध नीलगिरि पर्वतों से है?
(a) अंगामी (b) ओंगे (c) टोडा (d) जारवा **(c)**

14. भारत-म्यांमार सीमा पर, निम्न में से कौन-सी पहाड़ी भारत के पूर्वी पहाड़ी इलाकों की मिजो हिल्स और मणिपुर हिल्स को जोड़ती है?
(a) डोंक्या (b) चिन (c) खासी (d) तोबा ककड़ **(b)**

15. ....... 1864 और 1939 के बीच ब्रिटिश भारत की ग्रीष्मकालीन राजधानी रही थी।
(a) शिमला (b) गंगटोक
(c) माउंट आबू (d) कलिम्पोंग **(a)**

16. किसी देश की 'औसत आय' की गणना कैसे की जाती है?
(a) देश की कुल आय को इसकी कुल जनसंख्या से विभाजित करके।
(b) देश की कुल आय से जनसंख्या को घटाकर।
(c) देश की कुल आय तथा इसकी इसकी कुल जनसंख्या का गुणनफल।
(d) देश के सभी निवासियों की कुल आय। **(a)**

17. जेट इंजन किस सिद्धांत पर कार्य करता है?
(a) त्वरण के संरक्षण (b) रेखिक संवेग के संरक्षण
(c) वेग के संरक्षण (d) कोणीय संवेग के संरक्षण **(b)**

18. नवंबर 2020 में, भारत, जापान और अमेरिका के बीच आयोजित त्रिपक्षीय नौसेन्य अभ्यास का नाम क्या था?
(a) सिमबेक्स–20 (b) युद्ध अभ्यास
(c) मित्र शक्ति (d) मालाबार **(d)**

19. ....... उद्यम एक ऐसा व्यावसायिक उद्यम होता है जिसमें मुख्यतः व्यापार के माध्यम से तथा सामान को सस्ते में खरीदकर और उसे उच्च कीमतों पर बेचकर लाभ कमाया जाता है।
(a) वस्तु–विनिमय (b) क्रय–विक्रय
(c) वाणिज्यिक (d) किराया **(c)**

20. अक्टूबर 2020 में, निम्नलिखित में से किसे इंडिया पोस्ट पेंमेंटस बैंक के प्रबंधक निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था?
(a) जे. वेंकटरामू (b) एस. अपर्णा
(c) अपूर्वा चंद्रा (d) सीमा गुप्ता **(a)**

21. किसी फूल के अंडाशय के अंदर छोटे मनके जैसी संरचनाओं को क्या कहा जाता है?
(a) दल (b) बीजाण्ड
(c) बाह्य दल (d) पुष्प–केसर **(b)**

22. ट्रांसजेडर बच्चों की देखभाल और सुरक्षा के लिए भारत का पहला घर कहाँ स्थापित किया जाएगा?
(a) मुंबई (b) दिल्ली (c) बेंगलुरु (d) चेन्नई **(c)**

23. महान फुटबॉलर डिएगो माराडोना, जिनकी मृत्यु नंवबर, 2020 में हुई थी, के नेतृत्व में उनके देश अर्जेंटीना ने ........ में फीफा विश्व कप खिताब जीता था।
(a) 1982 (b) 1994 (c) 1990 (d) 1986 **(d)**

24. निम्न में से कौन सा नियम यह कहता है कि, "दो वस्तुओं के बीच लगने वाला बल उनके द्रव्यमानों के गुणनफल के समानुपाती होता है?"
(a) जड़त्व का नियम (b) गुरुत्वाकर्षण का नियम
(c) संवेग परिवर्तन का नियम (d) गति का नियम **(b)**

25. भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, ......... वर्ष और उससे अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति, जो किसी भाषा को समझ और पढ़ और लिख सकता है, साक्षर माना जाएगा।
(a) 7 (b) 6 (c) 5 (d) 4 **(a)**

## Section : Part-C: Elementary Mathematics

1. अपनी सामान्य चाल की $\frac{6}{7}$ चाल से चलने पर, एक व्यक्ति को 10 मिनट की देरी हो जाती है। उस व्यक्ति को अपनी सामान्य चाल से उसी दूरी को तय करने में कितना समय लगता है?
(a) 120 मिनट (b) 1 घंटा 15 मिनट
(c) 1 घंटा (d) 72 मिनट **(c)**

2. रुमी, एरिका द्वारा अर्जित वेतन से 40% अधिक वेतन अर्जित करता है। चार्ल्स, एरिका द्वारा अर्जित वेतन से 60% अधिक वेतन अर्जित करता है। चार्ल्स द्वारा अर्जित वेतन, रूमी द्वारा अर्जित वेतन से कितने प्रतिशत (दशमलव के दो स्थानों तक सही) अधिक है?
(a) 14.29% (b) 14.9% (c) 12.29% (d) 10.29% **(a)**

3. 16 cm त्रिज्या और 36 cm ऊँचाई वाले धातु के एक शंकु को पिघलाकर प्रत्येक 4 cm त्रिज्या वाले गोले बनाए जाते हैं। इस प्रकार के गोलों की संख्या ज्ञात कीजिए।
(a) 32 (b) 28 (c) 45 (d) 36 **(d)**

4. एक बैग में ₹441 की धनराशि 50 p, 25 p और 20 p के सिक्कों के रूप में हैं जिनका अनुपात 4 : 3 : 2 है। 25 p के सिक्कों की संख्या ज्ञात कीजिए।
(a) 400 (b) 240 (c) 460 (d) 420 **(d)**

5. एक दुकानदार ने पतलून पर 25% की छूट की घोषणा की। उमेश दुकान में गया। वह छूट के रूप में ₹500 बचाना चाहता था। यदि प्रत्येक पतलून का मूल्य ₹250 है, तो ऐसा करने के लिए उसे कितने पतलून खरीदने होंगे?
(a) 8 (b) 6 (c) 5 (d) 4 **(a)**

WhatsApp
JOIN NOW!

6. यदि 20 पुरुष किसी कार्य को 48 दिनों में पूरा कर सकते हैं, तो इस कार्य को 40 दिन में पूरा करने के लिए कितने पुरुषों की आवश्यकता होगी?
(a) 26 (b) 28 (c) 22 (d) 24 **(d)**

7. 92 km/h की एकसमान चाल से चल रही 180 मीटर लंबी एक ट्रेन, उसी दिशा में 74 km/h की एकसमान चाल से चल रही दूसरी ट्रेन को 60 सेकंड में पार करती है। दूसरी ट्रेन की लंबाई ज्ञात करें।
(a) 120 मीटर (b) 150 मीटर (c) 160 मीटर (d) 140 मीटर **(a)**

8. एक विशाल स्कूल ऑडिटोरियम में, यदि शिक्षक, प्रत्येक पंक्ति में 16 विद्यार्थी रखते हैं, तो 14 विद्यार्थी बच जाएँगे। यदि वे प्रत्येक पंक्ति में 24 विद्यार्थी रखते हैं, तो 22 विद्यार्थी बच जाएंगे। यदि वे प्रत्येक में 25 विद्यार्थी रखते हैं, तो 23 विद्यार्थी बच जाएंगे और यदि वे प्रत्येक पंक्ति में 30 विद्यार्थी रखते हैं, तो 28 विद्यार्थी बच जाएँगे। स्कूल में उपस्थित विद्यार्थियों की न्यूनतम संख्या कितनी है?
(a) 1198 (b) 1202 (c) 1189 (d) 1200 **(a)**

9. ₹1,625 की राशि पर दो अलग-अलग स्त्रोतों से 5 वर्षों में प्राप्त साधारण ब्याजों के बीच ₹32.50 का अंतर है। उनकी ब्याज दरों के बीच अंतर ज्ञात कीजिए।
(a) 0.6% (b) 0.5% (c) 0.3% (d) 0.4% **(d)**

10. एक वस्तु के अंकित मूल्य पर 30% की छूट देने के बाद, इसे ₹455 में बेचा जाता है। वस्तु का अंकित मूल्य ज्ञात कीजिए।
(a) ₹ 650 (b) ₹ 554 (c) ₹ 550 (d) ₹ 560 **(a)**

11. यदि एक त्रिभुज की भुजाएँ 8 cm, 8 cm और 12 cm है, तो त्रिभुज का क्षेत्रफल कितना होगा?
(a) 64 $cm^2$ (b) $12\sqrt{7}$ $cm^2$ (c) 19 $cm^2$ (d) 34 $cm^2$ **(b)**

12. निम्नलिखित व्यंजक का मान ज्ञात करें।
$27 \div 3 \times 4 + 4 \div 2$ of 2
(a) 37 (b) $1\frac{1}{8}$ (c) $6\frac{1}{4}$ (d) $2\frac{1}{8}$ **(a)**

13. एक मशीन X, 4 घंटे में 1000 वोल्ट ओर दूसरी मशीन Y, 12 घंटे में 1000 वोल्ट का उत्पादन कर सकती है। X और Y मशीनें एक साथ अपनी-अपनी नियत उत्पादन दर पर 1000 वोल्ट का उत्पादन कितने घंटों में कर सकती है?
(a) 2 (b) 4 (c) 6 (d) 3 **(d)**

14. 9 प्रेक्षणों का औसत 10 था, जिनमें से पहले 5 प्रेक्षणों का औसत 11 या अंतिम 5 प्रेक्षणों का औसत 8 था। 5वाँ प्रेक्षण कितना था?
(a) 4 (b) 5 (c) 7 (d) 6 **(b)**

15. यदि 9-अंकीय संख्या 5y97405x2, 72 से विभाज्य है, तो x के सबसे बड़े मान के लिए (x – 2y) का मान ज्ञात करें।
(a) 1 (b) 9 (c) 8 (d) 4 **(a)**

16. किसी धनराशि पर साधारण ब्याज की दर से 3 वर्षो में प्राप्त मिश्रधन ₹650 और 4 वर्षो में प्राप्त मिश्रधन ₹754 हैं। वह धनराशि ज्ञात कीजिए।
(a) ₹388 (b) ₹338 (c) ₹318 (d) ₹308 **(b)**

17. एक कंपनी में, 75% कुशल श्रमिक है और शेष अकुशल हैं। 84% कुशल श्रमिक और 28% अकुशल श्रमिक स्थायी हैं। यदि अस्थायी श्रमिकों की संख्या 150 है, तो कंपनी में कुल श्रमिकों की संख्या कितनी है?
(a) 500 (b) 600 (c) 400 (d) 480 **(a)**

18. A, B और C की वर्तमान औसत आयु 60 है तथा B और C की वर्तमान औसत आयु 50 वर्ष है। A की वर्तमान आयु कितनी है?
(a) 80 वर्ष (b) 60 वर्ष (c) 45 वर्ष (d) 75 वर्ष **(a)**

19. अरुण ने ₹7,000 की धनराशि 10% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर दो वर्षों के लिए निवेश की। भरत ने एक निश्चित धनराशि 8% वार्षिक साधारण ब्याज दर पर 5 वर्षो के लिए निवेश की। यदि अरुण को प्राप्त मिश्रधन, भरत को प्राप्त मिश्रधन के बराबर है, तो भरत द्वारा निवेशित धनराशि कितनी थी?
(a) ₹ 5,800 (b) ₹ 6,200 (c) ₹ 6,500 (d) ₹ 6,000 **(d)**

20. कोई व्यक्ति किसी वस्तु को निश्चित मूल्य पर बेचकर 15% लाभ प्राप्त करता है। यदि वह इसे दोगुने मूल्य पर बेचता है, तो उसका लाभ प्रतिशत कितना होगा?
(a) 115% (b) 130% (c) 120% (d) 110% **(b)**

21. एक वस्तु को 12% की हानि पर ₹3,520 में बेचा गया। 18% का लाभ प्राप्त करने के लिए इस वस्तु को किस मूल्य पर बेचा जाना चाहिए?
(a) ₹4,500 (b) ₹4,620 (c) ₹4,720 (d) ₹5,620 **(c)**

22. दो संख्याओं का अनुपात 2 : 5 है। यदि प्रत्येक में से 7 घटा दिया जाए, तो नई संख्याओं का अनुपात 13 : 43 हो जाएगा। छोटी संख्या ज्ञात कीजिए।
(a) 20 (b) 15 (c) 10 (d) 30 **(a)**

23. एक कलाई घड़ी 15% लाभ पर ₹2,300 में बेची गई। लाभ की गणना करें।
(a) ₹300 (b) ₹280 (c) ₹250 (d) ₹320 **(a)**

24. एक विद्यालय के छात्रों की कुल संख्या 1,600 है और लड़कों तथा लड़कियों की संख्या का अनुपात 11 : 9 है। इस अनुपात को 4 : 3 करने के लिए विद्यालय में कितने और लड़कों को प्रवेश देना होगा?
(a) 100 (b) 387 (c) 160 (d) 80 **(d)**

25. (1 – 1/2) (1 – 1/3) (1 – 1/4) .......... (1 – 1/23) को सरल करने पर प्राप्त परिणाम ........ होगा।
(a) 1/23 (b) 1/22 (c) 1/3 (d) 1/2 **(a)**

## Section : Part-D: English

1. **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**
**Light rain falling in small drops**
(a) Downpour (b) Stream (c) Drizzle (d) Dew **(c)**

2. **The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, select 'No error' as your answer.**
**A good book / is one of / our best friends.**
(a) our best friends (b) A good book
(c) is one of (d) No error **(d)**

3. **Select the most appropriate option that can substitute the underlined word in the given sentence.**
**After the bag was shut and <u>barrelled,</u> he realised that he had forgotten to put in the book.**
(a) rebounded (b) scrambled (c) scratched (d) strapped **(d)**

4. **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**Suddenly, it started raining and I ______ an umbrella from the office.**
(a) borrowed (b) criticised (c) lended (d) substituted **(a)**

5. **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**
**Hand in hand**
(a) Vigorously (b) Easily (c) In totality (d) Together **(d)**

WhatsApp JOIN NOW!

6. **Select the most appropriate option to fill in the blank. The gentleman looked at the beautiful lady with great ______.**
(a) reaction (b) admiration (c) vocation (d) duration **(b)**

7. **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence. If there is no need to substitute it, select 'No substitution required'.**
**It was such a funny story that we <u>cannot help laughed</u>.**
(a) could not help laughed
(b) cannot help laughing
(c) No substitution required
(d) could not help laughing **(d)**

8. **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**Tortoises inhabit all of / the world's landmasses / except Australia / and Antarctica.**
(a) and Antarctica (b) Tortorises inhabit all of
(c) the world's landmasses (d) except Australia **(b)**

9. **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**
**Toe the line**
(a) Start early (b) Follow the rules
(c) Touch the feet (d) Finish first **(b)**

10. **Select the most appropriate option to fill in the blank.**
**The boy walked at a fast ______.**
(a) pace (b) pose (c) peace (d) place **(a)**

11. **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**
**A medicine used to nullify the effect of poison**
(a) Antibiotic (b) Antigen
(c) Antiseptic (d) Antidote **(d)**

12. **The following sentence has been split into four segments. Identify the segment that contains a grammatical error.**
**We bought / good quality / furnitures / for our new house.**
(a) for our new house (b) furnitures
(c) good quality (d) We bought **(b)**

13. **Select the INCORRECTLY spelt word.**
(a) Capture (b) Nerture (c) Structure (d) Lecture **(b)**

14. **Select the most appropriate synonym of the given word.**
**Amusing**
(a) Wise (b) Laughable (c) Tiresome (d) Dull **(b)**

15. **Select the most appropriate option that can substitute the underlined segment in the given sentence. If there is no need to substitute it, select 'No substitution required'.**
**My brother and Raj are good friends. They <u>are knowing</u> each other for at least 10 years.**
(a) are known (b) knew
(c) No substitution required (d) have known **(d)**

16. **Select the most appropriate synonym of the given word.**
**Hurdle**
(a) Obstacle (b) Compliment
(c) Rudiment (d) Assistance **(a)**

17. **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**
**Diverge**
(a) Submerge (b) Contrast
(c) Depart (d) Converge **(d)**

18. **Select the most appropriate ANTONYM of the given word.**
**Chaste**
(a) Vicious (b) Virtuous (c) Cruel (d) Corrupt **(d)**

19. **Select the correctly spelt word.**
(a) Conscientious (b) Conscientous
(c) Conscentious (d) Conscientios **(a)**

20. **Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.**
**A place where wild animals are kept in their natural environment**
(a) Aviary (b) Pantry (c) Sanctuary (d) Tannery **(c)**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Dust storms do not just happen in the middle of the desert. They can happen in (1)______ dry area where loose dirt can (2)______ be picked up. Don't be surprised (3)______ you suddenly saw a dust storm (4)______ your way. Dust storms usually (5)______ without warning.

21. **Select the most appropriate option to fill in blank no. 1.**
(a) all (b) any (c) much (d) few **(b)**

22. **Select the most appropriate option to fill in blank no. 2.**
(a) casually (b) properly (c) slowly (d) easily **(d)**

23. **Select the most appropriate option to fill in blank no. 3.**
(a) until (b) if (c) whether (d) so **(b)**

24. **Select the most appropriate option to fill in blank no. 4.**
(a) directing (b) deciding
(c) heading (d) lashing **(c)**

25. **Select the most appropriate option to fill in blank no. 5.**
(a) show (b) arrive (c) enter (d) reach **(b)**

## Section : Part–D: Hindi

1. **रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें। मेरे द्वारा ..........चित्र बैठक में टंगा था।**
(a) चित्रित (b) रचित (c) लिखित (d) निर्मित **(a)**

2. **विलोम शब्दों का सही युग्म निम्न में से कौन सा है?**
(a) धरा–पृथ्वी (b) क्रोध–गुस्सा
(c) आस्तिक–नास्तिक (d) महात्मा–संत **(c)**

3. **दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो 'कोई त्रुटि नहीं है' चुनें।**
**मैंने अपने (1)/ मित्र के नाम क्लर्क को (2)/ एक पत्र लिखाया। (3)/ कोई त्रुटि नहीं है। (4)**
(a) 2 (b) 3 (c) 1 (d) 4 **(b)**

4. **दिए गए वाक्य में रेखांकित खंड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें। यदि इसे प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता नहीं है, तो विकल्प 'किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है' का चयन करें।**
**हम दसवीं कक्षा के छात्र <u>आपको</u> निवेदन करते हैं।**
(a) हम दसवीं कक्षा के छात्र
(b) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(c) निवेदन करते हैं (d) आपसे **(d)**

5. **उस विकल्प का चयन करें जो निम्न मुहावरे का सही अर्थ व्यक्त करता है।**
**हथेली पर सरसों उगाना**
(a) खेती करना
(b) असंभव काम को संभव करना
(c) लड़ाई करना
(d) भाग जाना
**(b)**

WhatsApp
JOIN NOW!

6. उस विकल्प का चयन करें जो निम्न मुहावरे का सही अर्थ व्यक्त करता है।
फूल झड़ना
(a) प्रिय वचन बोलना (b) पतझड़ होना
(c) सुन्दर लगना (d) हल्की बातें बोलना (a)

7. दिए गए वाक्य में रेखांकित खंड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें। यदि इसे प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता नहीं है, तो विकल्प 'किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है' का चयन करें।
यह बात तुम <u>लोगों के ऊपर</u> निर्भर है।
(a) लोगों पर (b) लोग के ऊपर
(c) किसी बदलाव की आवयश्कता नहीं है।
(d) लोगों के पर (a)

8. 'जो पढ़ा न जा सके' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-
(a) अपठित (b) अकथनीय (c) अपठनीय (d) पठित (c)

9. दिए गए शब्द का समानार्थी शब्द बताइए-
हिरन
(a) गज (b) दादुर (c) केसरी (d) मृग (d)

10. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें।
............ के लिए पौष्टिक भोजन आवश्यक है।
(a) स्वास्थ्य (b) जीवंतता (c) बीमारी (d) अस्वास्थ्य (a)

11. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सबसे उपयुक्त शब्द का चयन करें-
राम ने रावण का ...... किया।
(a) वध (b) हत्या (c) मृत्यु (d) मौत (a)

12. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।
(a) निरामिष (b) निरामिश (c) निर्मिश (d) निरामिस (a)

13. सही वर्तनी वाले शब्द का चयन करें।
(a) हस्तांतरित (b) हस्तांतरीत
(c) हसतान्तरित (d) हस्तंतरित (a)

14. 'युद्ध करने की प्रबल इच्छा' इस वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द दीजिए।
(a) युयुत्सा (b) दुर्जेय (c) अजातशत्रु (d) युयुत्सु (a)

15. दिए गए शब्द का समानार्थी शब्द चुनें-
झगड़ा
(a) बैर (b) द्वन्द्व (c) विरोध (d) खार (b)

16. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो 'कोई त्रुटि नहीं है' चुनें।
शत्रु पर (1)/ गोले और तोपों से (2)/ आक्रमण कर दिया गया। (3)/ कोई त्रुटि नहीं है (4)
(a) 3 (b) 4 (c) 1 (d) 2 (d)

17. दिए गए वाक्य में रेखांकित खंड को प्रतिस्थापित करने के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें। यदि इसे प्रतिस्थापित करने की आवश्यकता नहीं है, तो विकल्प 'किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है' का चयन करें।
न जाने क्यों, तुम <u>बेफिजुल की बातों पर</u> बहस कर लेते हो।
(a) फिजूल की बातों पर
(b) बेफिजूल में
(c) किसी बदलाव की आवश्यकता नहीं है।
(d) बेफिजूल की बातों में (a)

18. दिए गए वाक्य का वह भाग ज्ञात करें जिसमें कोई त्रुटि है। यदि कोई त्रुटि नहीं है, तो 'कोई त्रुटि नहीं है' चुनें।
संसार की प्राचीन भाषा में (1)\ संस्कृत प्राचीनतम (2)\ भाषा मानी जाती है। (3)\ कोई त्रुटि नहीं है (4)
(a) 4 (b) 2 (c) 1 (d) 3 (c)

19. दिए गए शब्द का विलोम चुनें।
अपेक्षा
(a) उपेक्षा (b) अनापेक्षा (c) निरपेक्ष (d) सापेक्ष (a)

20. दिये गये वाक्यांश के लिए एक सार्थक शब्द का चयन कीजिए।
उसी समय में होने वाला या रहने वाला
(a) सार्वजनिक (b) समदर्शी
(c) समसामयिक (d) सामुदायिक (c)

निर्देश : प्रश्न 21 से 25 : दिए गए अनुच्छेद में कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। संबंधित प्रश्नों में प्रत्येक संख्या के लिए सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन करें-

(1) ............... का काम बहुत अंशों में (2) ............... के काम से मिलता-जुलता है। मधुमक्खियाँ मकरंद संग्रह करने के लिए कोसों के चक्कर लगाती हैं और अच्छे-अच्छे (3) .............. पर बैठकर उनका रस लेती हैं। तभी तो उनके मधु में संसार की सर्वश्रेष्ठ (4) ............... रहती है। यदि आप अच्छे (5) ............... बनाना चाहते हैं तो आपको भी यह वृत्ति ग्रहण करनी चाहिए।

21. गद्यांश के रिक्त स्थान (1) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-
(a) लेखक (b) राजनेता (c) वकील (d) अभियंता (a)

22. गद्यांश के रिक्त स्थान (2) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-
(a) चीटियों (b) मधुमक्खियों (c) पशुओं (d) पंछियों (b)

23. गद्यांश के रिक्त स्थान (3) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-
(a) पेड़ों (b) फूलों (c) टहनियों (d) पत्तों (b)

24. गद्यांश के रिक्त स्थान (4) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-
(a) मधुरता (b) चतुरता (c) सुंदरता (d) कटुता (a)

25. गद्यांश के रिक्त स्थान (5) के लिए सर्वाधिक उपयुक्त शब्द होगा-
(a) समाजसेवी (b) लेखक (c) पुलिस (d) पत्रकार (b)

SSC GD कांस्टेबल परीक्षा 2024
15+ मॉडल पेपर
राजस्थान क्लासेज
PDF
Free Download
Adobe


SSC GD
कांस्टेबल भर्ती
SSC
पुराने पेपर
क्लिक करें
PDF
Adobe


SSC GD
कांस्टेबल भर्ती
SSC
भारत के प्रमुख पठार
क्लिक करें
PDF
Adobe


SSC GD
कांस्टेबल भर्ती
SSC
विज्ञान वस्तुनिष्ठ प्रश्न
क्लिक करें


SSC GD कांस्टेबल
हिंदी मुहावरे PDF
डाउनलोड
Free PDF Link


SSC GD कांस्टेबल
हिंदी पर्यायवाची PDF
परिक्षा हेतु उपयोगी
Free PDF Link


GK/GS GK PDF
मिक्स GK मॉडल पेपर
SSC GD कांस्टेबल
Free PDF Link

अन्य किसी भी प्रकार की PDF's के लिए
गूगल सर्च करें या क्लिक करें 👇
Google
rajasthanclasses.in

Telegram
चैनल
ज्वॉइन करें

YouTube पर
ऑनलाइन क्लासेज भी देखें